नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर–482004 (म.प्र.)

कार्यालय दूरभाष नं.:– 0761–2681183
ईमेल आईडी – registrarndvsujbp@gmail.com
वेबसाईट – www.ndvsu.org

क्र..3169 / शैक्ष.दीक्षांत / 2022 दिनांक 28/10/2022

संशोधित सूचना

विषयः– षष्टम दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने हेतु सूचना एवं सहमति विषयक।

विश्वविद्यालय सुचना कमांक 2808 / शैक्ष.दीक्षांत / 2022, दिनांक 28.09.2022 के तारतम्य मे सूचित किया जाता है, कि विश्वविद्यालय का षष्टम दीक्षांत समारोह **दिनांक 03.11.2022 के स्थान पर दिनांक 21.11.2022 को** अधारताल स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में शैक्षणिक सत्र 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 में उत्तीर्ण घोषित स्नातक छात्रों तथा दिनांक 21.01.2019 से 14.10.2022 के मध्य उत्तीर्ण घोषित स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. छात्रों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्रदान किये जावेगें। यदि आप उक्त समारोह में सम्मिलित होकर उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं तो विश्वविद्यालय वेब साइट www.ndvsu.org पर उपलब्ध लिंक पर पंजीयन शुल्क रू. 500 /– के साथ दिनांक 11 / 11 / 2022 तक या इसके पूर्व ऑनलाइन पंजीयन करावें। पंजीकृत छात्र–छात्राओं को ही षष्टम दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान की जा सकेगी। सभागार में उपाधि निर्धारित स्थान पर एवं समय पर ही प्रदान की जावेगी।

दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास एक दिन पूर्व दिनांक 20 / 11 / 2022 को दोपहर 2:00 बजे दीक्षांत समारोह स्थल पर आयोजित किया जावेगा, जिसमें स्वर्ण पदक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

दीक्षांत समारोह में छात्र / छात्राओं हेतु गणवेश निम्नानुसार रहेगा –

स.क्र.	विवरण	रिमार्क
1.	छात्रों हेतु सफेद कुर्ता एवं पायजामा	पोशाक की व्यवस्था छात्रों को स्वयं करना होगा।
2.	छात्राओं हेतु सफेद सलवार कुरता	पोशाक की व्यवस्था छात्राओं को स्वयं करनी होगी।
3.	जैकेट (यलोईश क्रीम ब्राउन)	225 जैकेट विश्वविद्यालय में उपलब्ध हैं जो कि रू. 350 /– सुरक्षा निधि जमा कराने पर उपलब्ध कराई जावेगी। इसके अतिरिक्त जैकेट एवं उत्तरीय समारोह प्रागंण स्थित स्टॉल पर उपलब्ध रहेगी।
4.	उत्तरीय पी.एच.डी.छात्रों हेतु – सिल्क सफेद स्नातकोत्तर छात्रों हेतु – सिल्क पीला स्नातक छात्रों हेतु – सिल्क भगवा	सिल्क सफेद 15, सिल्क पीला 85 एवं सिल्क भगवा 380 उत्तरीय विश्वविद्यालय में उपलब्ध हैं जो कि रू. 150 /– सुरक्षा निधि जमा कराने पर उपलब्ध कराये जावेगें।
5.	साफा	समारोह परिसर स्थित स्टॉल पर किराये पर उपलब्ध रहेगें।

नोट –1. समारोह समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय जैकेट, साफा एवं उत्तरीय वापिस करने पर सुरक्षा निधि वापिस की जावेगी।

दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का किराया / भत्ता देय नहीं होगा। दीक्षांत समारोह से संबंधित समस्त सूचनाएं / संशोधन केवल विश्व विद्यालय की वेबसाइट www.ndvsu.org के माध्यम से ही सूचित किये जावेगें। अतः छात्र समय–समय पर विश्वविद्यालय वेबसाइट का अवलोकन करें।

संपर्कः– 1. 9827750921, 8959570508
2. कार्यालय दूरभाष नं.:– 0761–2681183

कुलसचिव

Scanned with CamScanner